ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

# हिंदी ऑनलाइन कक्षा में आप सभी का स्वागत है|

## कक्षा -६

## हिन्दी (LOWER)

## पाठ -3

## काम सब अच्छे हैं



Website: www.odmegroup.org
Email: info@odmps.org
Toll Free: **1800 120 2316**
Sishu Vihar, Infocity Road, Patia, Bhubaneswar- 751024

विनोबा जी ने फिर पूछा, "गंदगी कौन करता है?"

लड़कों ने कुछ उत्तर नहीं दिया। वे एक-दूसरे की ओर देखने लगे। तब विनोबा जी बोले, "देखो! जब गंदगी तुम करते हो, तब सफ़ाई भी तुम लोगों को ही करनी चाहिए।"

विनोबा जी की बातें सुनकर एक लड़के ने कहा, "गंदगी कौन साफ़ करेगा? हम कोई सफ़ाईवाले तो नहीं हैं।"

विनोबा जी मुसकराए। लड़के को अपने पास बुलाकर प्रेम से पूछा, "जब तुम छोटे थे, तब तुम्हारे हाथ-मुँह कौन धोता था? गंदगी कौन साफ़ करता था?"

लड़का बोला, "मेरी माँ।"

विनोबा जी ने कहा, "अच्छा! ऐसा करने से क्या तुम्हारी माता जी सफ़ाई करने वाली हो गईं?"

लड़का बोला, "जी नहीं, माँ तो माँ है।"

विनोबा जी बोले, "हाँ। जो गंदगी साफ़ करता है, वह सचमुच माँ का ही काम करता है। काम सब अच्छे हैं।"

शब्दार्थ-

सफ़ाईवाला- जो साफ़ सफ़ाई क

# अर्थबोध-

विनोबा भावे छित्रों को समझने के लिए प्रयत्न करते हैं। इसलिए वे छात्रों से गंदगी कौन करता है पुछते हैं और उन्हें समझाते हैं कि अगर गंदगी तुम करते हो तो उसे साफ़ करने का काम भी तुम्हारी है। उनके बात को विरोध करते हुए छात्र कहते हैं कि यह काम सफ़ाई वाले का है। विनोबा जी छात्रों को समझाए कि घर में मां घर साफ़ करती है,कपड़ा साफ़ करती है, तुम्हारे हात- मुंह साफ़ करती है तो क्या वो सफ़ाई करने वाली होती है? सारे बच्चे बोलते हैं नहीं मां तो मां होती है। विनोबा जी बोलते हैं हां जो गंदगी साफ़ करता है वह मां का ही काम करता है।

इस घटना के माध्यम से विनोबा जी छात्रों को कर्म के महानता के बारे में जानकारी देते हुए कहते हैं कि कोई भी कर्म छोटा या बड़ा नहीं होता है।जो कर्म करने में शर्माता है वह सदैव परतंत्र रहता है।






## संबंधित प्रश्न -

१. "गंदगी कौन करता है?" यह बात किसने किसको कहा और क्यों?
२. छात्रों ने गंदगी साफ़ करने के लिए मना क्यों करदिए?
३. विनोबा जी सफ़ाई वाला को मां के साथ तुलना करते हुए क्या कहा है?
४. "जी नहीं , मां तो मां है ।" यह बात किसने किसको कहा?
५. जो साफ़ सफ़ाई करता है उसे क्या कहते हैं?

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow

# THANKING YOU

# ODM EDUCATIONAL GROUP

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow